श्याम धणी है यार प्रेमियों का | By Suren Namdev

हर ग्यारस को आता है त्यौहार प्रेमियों का
मेरा खाटू वाला श्याम धणी है यार प्रेमियों का

इस कलयुग में श्याम का नाम चारो और ही छाया है
खुश किस्मत है वो प्रेमी जो खाटू धाम आया है
मेरा श्याम बन के रहता पहरेदार प्रेमियों का
मेरा खाटू वाला श्याम धणी है यार प्रेमियों का

खुशियों में है आज प्रेमी झूमे नाचे गायें
हो रही है जय जयकार जय जय श्री श्याम गायें
प्रेम रहा है देखो ठांठे मार प्रेमियों का
मेरा खाटू वाला श्याम धणी है यार प्रेमियों का

ढोल नगाड़े बाज रहे गूँज रही शहनाई जी
भीड़ लगी है प्रेमियों की आज फिर ग्यारस आई जी
हारे का सहारा है दरबार प्रेमिओ का
मेरा खाटू वाला श्याम धणी है यार प्रेमियों का

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a7%e0%a4%a3%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%87%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a5%8b/